# छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर

दूरभाष कमांक 0771–2437309 फैक्स कमांक– 0771–2429385

क्रमांक/6449/समन्वय/2022 रायपुर, दिनांक 13/10/2022

प्रति,

समस्त प्राचार्य
समस्त मान्यता प्राप्त (अग्रेषणकर्ता) संस्थायें,
छत्तीसगढ़

**स्वाध्यायी परीक्षा के आवेदन फार्म भरने के निर्देश**
**सत्र 2022–23**

विषय :– हाईस्कूल/हायर सेकण्डरी परीक्षा वर्ष 2022–23 के लिए स्वाध्यायी परीक्षा के आवेदन आनलाईन भरने विषयक निर्देश।

––––00––––

शिक्षण सत्र 2022–2023 में आयोजित की जाने वाली हाईस्कूल/हायर सेकण्डरी स्वाध्यायी परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषण हेतु परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 05 जनवरी 2015 के निर्णयानुसार मण्डल की मान्यता प्राप्त शासकीय/अशासकीय समस्त संस्थाओं को अग्रेषण संस्था नियुक्त किया जाता है।

परीक्षा समिति के निर्णयानुसार मण्डल कार्यालय द्वारा संचालित पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा 2017–2018से समाप्त कर दिया गया है। स्वाध्यायी छात्रों हेतु निम्नानुसार पात्रता निर्धारित की जाती है :–

**(1) हाईस्कूल परीक्षा में निम्न परीक्षार्थी स्वाध्यायी परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र होंगे :–**

1.1 कक्षा 08वी की परीक्षा, **मार्च 2021** या उसके पूर्व उत्तीर्ण परीक्षार्थी। (अर्थात कक्षा 08वी परीक्षा के बाद एक वर्ष का गेप अनिवार्य)

1.2 **मार्च 2022** अथवा उसके पूर्व छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा 10वी हाईस्कूल परीक्षा में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी।

1.3 **मार्च 2022** अथवा उसके पूर्व छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, के समकक्ष अन्य बोर्ड अथवा परीक्षा निकायों की कक्षा 10वीं की परीक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी।

1.4 केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित कक्षा 10वीं की बोर्ड/स्थानीय (लोकल) परीक्षा, में अनुत्तीर्ण जिसे मण्डल की कक्षा 10वी परीक्षा के समतुल्य मान्य किया गया है, वे छात्र भी स्वाध्यायी रूप से परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगे।

**(2) हायर सेकण्डरी परीक्षा में निम्न परीक्षार्थी स्वाध्यायी परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र होंगे :–**

2.1 **मार्च 2021** अथवा इसके पूर्व माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा 10वीं परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थी। (अर्थात् 10वी परीक्षा के बाद एक वर्ष का गेप अनिवार्य)।

2.2 छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की समक्षता प्राप्त अन्य मण्डलों एवं परीक्षा निकायों से **मार्च 2021** या उसके पूर्व 10वीं या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण परीक्षार्थी।

2.3 छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की **मार्च 2022** की कक्षा 12वीं/12वीं व्यावसायिक की परीक्षा में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी।

2.4 छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की समक्षता प्राप्त अन्य मण्डल अथवा परीक्षा निकायों से **मार्च 2021** या उसके पूर्व कक्षा 12वीं की परीक्षा में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी।

**(3) हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा के स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिये आवेदन पत्र भरने की प्रकिया :–**

3.1 हाईस्कूल/हायर सकेण्डरी परीक्षाओं के स्वाध्यायी परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन भरने के लिये सर्व प्रथम मण्डल की वेबसाईट www.cgbse.nic.in से परीक्षा आवेदन का प्रारूप डाउन लोड करेंगे।

3.2 इस प्रारूप में समस्त प्रविष्टियां स्वयं की हस्तलिपि में भरेंगे। अग्रेषण संस्था कमांक ........................ ब्लाक कोड अग्रेषणकर्ता संस्था (मण्डल की मान्यता प्राप्त शासकीय/अशासकीय संस्था) के प्राचार्य द्वारा ही भरा जायेगा।

कमशः 02 पर..

3.3 परीक्षार्थी स्वयं समस्त जानकारी भरने के उपरान्त परीक्षा में बैठने की पात्रता संबंधी दस्तावेज संलग्न करते हुए किसी भी मान्यता प्राप्त शासकीय/अशासकीय अग्रेषणर्ता संस्था में आवेदन पत्र की जांच करायेंगे।

3.4 परीक्षार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र की पात्रता संबंधी जांच प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर पात्र पाये जानें पर आवेदन पत्र को अग्रेषणकर्ता संस्था के प्राचार्य अपने हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा लगाकर अग्रेषित करेंगे। (अग्रेषित आवेदन पत्र को अग्रेषण संस्था के प्राचार्य अपने हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा लगाकर अग्रेषित करेंगे।) अग्रेषित आवेदन पत्र अग्रेषणकर्ता संस्था प्राचार्य द्वारा जांच की जायेगी। इस हेतु संस्था को अग्रेषण शुल्क रूपये 60/– प्रति छात्र द्वारा देय होगा।

3.5 मान्यता प्राप्त संस्था के प्राचार्य भरे हुये आवेदन पत्र एवं संलग्न दस्तावेज की जांच उपरांत पात्र छात्रों के आवेदन पत्रों की प्रविष्टि पोर्टल में करेगे। प्रविष्टि पूर्ण होने के उपरांत पोर्टल से सूची का प्रिंट आउट निकालकर छात्रों के आवेदन पत्र अग्रेपित कर समस्त दस्तावेज के साथ मण्डल मुख्यालय/संभागीय कार्यालय में भेजेगे। कोई भी आवेदन पत्र आफलाईन स्वीकार नहीं किये जायेगे। अतः स्पष्ट है कि आनलाईन आवेदन स्वीकार किये जायेंगे तथा समस्त आवेदन पत्र प्राचार्य द्वारा अग्रेषित होना चाहिए। अग्रेषण के अभाव में आवेदन पत्र मान्य नहीं किये जायेंगे।

3.6 आवेदन पत्रों की पोर्टल में प्रविष्ट के पश्चात् समस्त छात्रों की चेकलिस्ट का प्रिंट आउट निकालकर छात्र की जानकारी यथा नाम, माता का नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, विषय, फोटो, हस्ताक्षर आदि का अच्छी तरह मिलान कर लेवें, और किसी भी प्रकार की त्रुटि होने, पाये जाने पर उसे तत्काल पोर्टल में सुधार करेंगे। मण्डल कार्यालय में त्रुटि रहित आवेदन एवं संलग्न दस्तावेज निर्धारित तिथि के पूर्व जमा करें।

3.7 अग्रेषण संस्था के प्राचार्य द्वारा अन्तिम तिथि उपरान्त समस्त अग्रेषित आनलाईन पत्रों की सूची प्रिन्ट (नामिनल रोल) एवं ऑनलाईन पोर्टल से मुद्रित दस्तावेजों एवं शुल्क का आनलाईन भुगतान की सूची समन्वयक संस्था में निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात पांच दिवस की समय–सीमा में आवश्यक रूप से जमा करेंगे। समन्वय संस्था में उक्त दस्तावेज जमा होने के पश्चात आगामी पांच दिवस की समय–सीमा में समन्वय संस्था संभागीय कार्यालय में जमा करायेंगे। समन्वय संस्था में प्राप्त इन आवेदन पत्रों एवं दस्तावेजों की जांच संभागीय कार्यालय में की जावेगी।

3.8 समस्त्र प्रपत्र समन्वय संस्था से प्राप्त होने के पश्चात 15 दिवस की समय–सीमा में संभागीय कार्यालय/मण्डल मुख्यालय परीक्षा कक्ष रायपुर आवेदन पत्रों का मिलान अग्रेषण संस्था से प्राप्त सूची एवं आनलाईन पत्रों से किया जावेगा।

3.9 अग्रेषण संस्था के प्राचार्य अग्रेषण शुल्क रूपये 60/– प्रति छात्र से पृथक से प्राप्त करेंगे। जिसमें संस्था प्रमुख/प्राचार्य को 15/– रूपये एवं सहायक अग्रेषणकर्ता शिक्षक को 20/– रूपये एवं सहयोगी भृत्य को 10/– रूपये देय होगा एवं रूपये 15/– स्टेशनरी एवं यात्रा व्यय हेतु व्यय करेंगे।

3.10 कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वी की परीक्षाओं में स्वाध्यायी रूप से सम्मिलित होने वाले ऐसे नवीन परीक्षार्थी जिनका नामांकन पूर्व में मण्डल से नहीं हुआ है, उसका नामांकन कक्षा 10वी के लिए ई–सीरीज तथा कक्षा 12वीं के लिए एफ–सीरीज से आनलाईन प्रविष्टि करने के उपरांत आनलाईन जारी किया जाएगा। इस हेतु नामांकन शुल्क रूपये 80/– परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त जमा करना होगा।

3.11 ऐसी परीक्षार्थी जो अन्य राज्य/बोर्ड के है उन्हें स्वाध्यायी परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा आवेदन पत्र भरने के पूर्व अग्रेषणकर्ता के माध्यम से मण्डल के संबंधित संभागीय कार्यालय से पात्रता संबंधी समस्त दस्तावेज आनलाईन प्रिन्ट– आउट प्राप्त कर समस्त दस्तावेज सहित नियत तिथि में जमा करना अनिवार्य होगा, परीक्षा शुल्क में नामांकन शुल्क 80/– रूपये एवं ग्राहयता शुल्क 310/– रूपये सम्मिलित है।

कमशः 03 पर..

(4) **नियमित अनुत्तीर्ण छात्रों को केडिट योजना के अन्तर्गत चार अवसर का लाभ विषयक।**

हाईस्कूल/हायर सेकण्डरी मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों को पूरक परीक्षा में स्वाध्यायी छात्र के रूप में अनुत्तीर्ण विषयों में केडिट योजना के अन्तर्गत आगामी परीक्षाओं में लगातार आगामी तीन अवसर (1) उसी सत्र की पूरक परीक्षा में (2) आगामी वर्ष की मुख्य परीक्षा में तथा (3) आगामी सत्र की पूरक परीक्षा में अनुत्तीर्ण विषयों में सम्मिलित हो सकेंगे। केडिट योजना के अन्तर्गत उत्तीर्ण विषयों के अंको को आगे की अवसर परीक्षा की अंकसूची में सम्मिलित किया जावेगा अर्थात् विद्यार्थी को केवल अनुत्तीर्ण विषय में ही आगामी अवसर परीक्षा में सम्मिलित होना होगा।

(5) **हाईस्कूल/हायर सेकण्डरी परीक्षा नियमित एवं स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश।**

5.1 कक्षा 10 वी स्वाध्यायी छात्रों एवं कक्षा 12वीं के स्वाध्यायी छात्रों को नवीनतम रंगीन फोटो चस्पा किया जाना अनिवार्य है।

5.2 **वर्ष 2021 एवं 2022** की मण्डल परीक्षाओं में सम्मिलित होकर उत्तीर्ण रहे छात्र श्रेणी सुधार हेतु **वर्ष 2023** की परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। **वर्ष 2021** के उत्तीर्ण परीक्षार्थी को श्रेणी सुधार में सम्मिलित होने हेतु एक वर्ष का अंतराल (GAP) का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। श्रेणी सुधार के छात्र पूर्व उत्तीर्ण परीक्षा का अनुकमांक एवं वर्ष दर्शाते हुए अग्रेषण संस्था के माध्यम से आनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भर सकते हैं। इसी प्रकार श्रेणी सुधार स्वाध्यायी छात्र अग्रेषण संस्था के माध्यम से भी ऑनलाईन आवेदन भर सकेंगे। **श्रेणी सुधार में विषय परिवर्तन किसी भी परिस्थिति में मान्य नहीं होगा। इस योजना में अन्य बोर्ड के उत्तीर्ण छात्रों को श्रेणी सुधार की पात्रता नहीं होगी। इस योजना में केवल एक ही अवसर का लाभ मिलेगा।** हायर सेकण्डरी परीक्षा में ही श्रेणी सुधार/अंकसुधार में सम्मिलित होने वाले छात्रों को पूर्व प्राप्तांक में 01 अंक की वृद्धि अथवा श्रेणी सुधार होने पर नवीन अंकसूची प्रदाय की जावेगी। छात्रों से पुरानी अंकसूची प्राप्त होने पर नवीन अंकसूची प्रदाय की जावेगी।

5.3 स्वाध्यायी छात्र मण्डल द्वारा निर्धारित पाठ्यकमानुसार ही विषय चयन कर सकेंगे। परीक्षार्थियों को परीक्षा के विषयों का चयन मण्डल के नियमानुसार हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा **वर्ष 2022** के अनुसार ही करना होगा। परीक्षार्थी को दो भाषाओं के अतिरिक्त किसी एक समूह में जिनमें से वह तीन विषयों का चयन कर सकेगा, परीक्षा देनी होगी। दो भाषाओं में से एक अनिवार्यतः अंग्रेजी या हिन्दी लेना होगा। जिस भाषा का चयन एक समूह से किया जावेगा, उसका चयन दूसरे समूह में नहीं किया जा सकेगा।

विज्ञान समूह के छात्र गणित अथवा जीवविज्ञान विषय अतिरिक्त विषय के रूप में ले सकते हैं।

हयूमिनीटीज ग्रुप के विषयों के अन्तर्गत कम्प्यूटर एप्लीकेशन तथा वाणिज्य समूह में तृतीय प्रश्न–पत्र के वैकल्पिक विषयों में कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं गणित का समावेश किया गया है। संबंधित समूहो के विषयों के साथ छात्र पाठ्यकमानुसार विषय का चयन कर सकते हैं।

कला समूह एवं वाणिज्य समूह के वैकल्पिक विषयों के अन्तर्गत व्यावसायिक गणित विषय का समावेश वर्ष 2016 से हायर सेकण्डरी परीक्षा में किया गया है। संबंधित समूहों के विषयों के साथ पाठ्यकमानुसार विषयों का चयन कर सकते हैं । उक्त समूहों के विषय चयन करते वाले छात्र अन्य विषयों के साथ व्यावसायिक गणित अतिरिक्त विषय के रूप में भी ले सकते हैं, परन्तु यह प्रतिबंध होगा कि वे समूह के विषयों के अन्तर्गत गणित विषय नहीं ले सकेंगे।

5.4 नेत्रहीन, मूक बधिर एवं स्पाटिक सेरेब्रेल पालिसी (मानसिक दिव्यांग) वर्ग के छात्र द्वारा निर्धारित पाठ्यकम ही विषयों का चयन कर सकेंगे। इस श्रेणी के हाईस्कूल परीक्षार्थियों का आवेदन भरते समय विषयों के कोड सावधानी से भरे जाये एवं विशेष ध्यान रखा जाये कि संगीत एवं चित्रकला विषय लिये जाने पर निर्धारित स्थान पर कोड भरे जाय। इन छात्रों को केवल एक भाषा हिन्दी (सामान्य) अथवा अंग्रेजी (सामान्य) विषय लेना अनिवार्य होगा।

5.5 विषय कोड लिस्ट मण्डल की वेबसाईट पर उपलब्ध है, तदनुसार ही आवेदन में सही कोड अंकित किये जाये।

**कमशः 04 पर..**

5.6 किसी भी प्राचार्य/अग्रेषण संस्था द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क वसूली की जाती है तो **फोन नम्बर 0771–2437371** पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

**(6) मण्डल की परीक्षाओं में स्वाध्यायी रूप से सम्मिलित होने के लिये शुल्क का विवरणः–**

| स.कं. | विवरण | शुल्क |
|---|---|---|
| 1 | परीक्षा शुल्क (स्वाध्यायी संपूर्ण विषय) | 1230.00 |
| 2 | द्वितीय/तृतीय/चतुर्थ अवसर हेतु एक विषय | 280.00 |
| 3 | द्वितीय/तृतीय/चतुर्थ अवसर हेतु दो विषय | 340.00 |
| 4 | दो से अधिक विषय हेतु | 640.00 |
| 5 | स्वाध्यायी छात्रों की पात्रता जांच करने हेतु अग्रेषणकर्ता अधिकारी को देय शुल्क | 60.00 |
| 6 | स्वाध्यायी (अन्य बोर्ड के छात्रों हेतु/नवीन छात्रों हेतु) कुल शुल्क | 1540.00 |

संस्था/परीक्षार्थी निम्न माध्यमों से हाईस्कूल/हायर सेकण्डरी परीक्षा एवं अन्य परीक्षाओं का शुल्क निम्नानुसार जमा कर सकते हैं :–

संस्था प्राचार्य के पास छात्रों को परीक्षा शुल्क का नगद भुगतान करना होगा, प्राचार्य द्वारा नगद भुगतान की रसीद छात्रों को प्रदान की जावेगी। प्राचार्य द्वारा एकजाई शुल्क आनलाईन मण्डल के खाते में निर्धारित **दिनांक 30 नवम्बर 2022** तक जमा करना होगा।

आवेदन पत्र केवल निर्धारित प्रक्रिया से **दिनांक 30 नवम्बर 2022** तक सामान्य शुल्क के साथ आनलाईन भरे जा सकेंगे। नियत तिथि के उपरान्त 770/–रूपये विलम्ब शुल्क के साथ दिनांक 15 दिसम्बर 2022 तक तथा रू. 1,540/– विशेष विलम्ब शुल्क के साथ आनलाईन प्रविष्टि दिनांक 25 दिसम्बर 2022 तक किया जाना है।

संस्था प्राचार्य प्राप्त आवेदन एवं दस्तावेजों के आधार पर छात्रों की पात्रता की जांच करते हुए उपरोक्त निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करायेंगे। छात्र उपरोक्त निर्देशों से भलीभांति अवगत हो सकें इसके लिए निर्देशों को नोटिस बोर्ड पर चस्पा भी किये जाये।

**संलग्न 1. आवेदन पत्रों का प्रारूप।**

12/10/22
(प्रोफेसर व्ही.के.गोयल)
सचिव
छ.ग.माध्यमिक शिक्षा मंडल,
रायपुर

पृ.क्रमांक/ /समन्वय/2022, रायपुर, दिनांक / /2022

**प्रतिलिपिः–**

1. अध्यक्ष/सचिव महोदय के निज सहायक, छ.ग.मा.शि. मण्डल, रायपुर
2. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, को सादर सूचनार्थ ।
3. समस्त कलेक्टर, छत्तीसगढ,
   को सादर सूचनार्थ ।
4. समस्त संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय, स्कूल शिक्षा विभाग (रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा, बस्तर),
5. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी छत्तीसगढ,
6. समस्त प्रथम श्रेणी अधिकारी, छ.ग. मा.शि.मं. रायपुर,
7. समस्त संभागीय अधिकारी, संभागीय कार्यालय छ.ग. मा.शि.मं. (बिलासपुर, राजनांदगांव, जगदलपुर, अंबिकापुर),
8. समस्त सहायक सचिव, छ.ग. मा.शि.मं. रायपुर,
9. प्रोग्रामर, डाटा कक्ष की ओर भेजकर निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार निर्देश मण्डल की वेबसाईट में अपलोड किया जावें। उपरोक्त निर्धारित तिथियों में आनलाईन आवेदन भरने हेतु पोर्टल खोलने की कार्यवाही की जावें।
10. आदेश फोल्डर ।

12/10/22
सचिव
छ.ग.माध्यमिक शिक्षा मंडल,
रायपुर

# छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर

हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 20   हेतु आवेदन पत्र (ICR शीट)

स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिये

स्वाध्यायी PRIVATE | 058

X

विकास खण्ड का नाम: ____ | स्कूल क्रमांक: ____ | COMPUTER CONTROL No. (For Office use only): ____

संस्था / अग्रेषण संस्था का नाम
NAME OF SCHOOL: ____

| लिंग / SEX | विवाहित / अविवाहित | जाति CATEGORY | माध्यम MEDIUM | नामांकन क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

| PREMATME TRIBES | शहरी / ग्रामीण | HANDICAPPED | जन्मतिथि |
|---|---|---|---|
| | | | |

परीक्षार्थी का नाम / NAME OF CANDIDATE: ____

पिता का नाम / NAME OF FATHER: ____

माता का नाम / NAME OF MOTHER: ____

परीक्षार्थी के विषय / (SUBJECTS OFFERED) -

(098) ENVIRONMENTAL EDUCATION

APPLICATION FORM S No

परीक्षार्थी के पूर्ण हस्ताक्षर

परीक्षार्थी का नवीनतम छायाचित्र (फोटो)

केवल श्रेणी सुधार छात्र / छात्रा के लिए हेतु उपयोग पूर्व वर्ष की जानकारी अंकित करें।

| संस्था क्र. | केन्द्र क्र. | अनुक्रमांक | वर्ष | कुल प्राप्तांक | परीक्षा फल (श्रेणी) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**प्रमाणीकरण** :- प्रमाणित किया जाता हैं कि परीक्षार्थी के सम्बन्ध में ऊपर दी गई सभी जानकारी अभिलेखानुसार सही है तथा छात्र वर्ष 2C   परीक्ष हेतु पात्र है, मैंने इसकी जांच कर ली है अधोहस्ताक्षरकर्ता इस तथ्य से अवगत है कि जानकारी गलत पाये जाने पर परीक्षा आवेदन प एवं परीक्षा निरस्त किये जा सकेगें। परीक्षार्थी ने मेरे समक्ष हस्ताक्षर किये हैं।

वर्तमान पता :-

परीक्षार्थी का नाम

ग्राम   तहसील

जिला   डाकघर   पिन कोड

व्यक्तिगत फोन नम्बर ____ मोबाईल ____

संस्था का नाम

प्राचार्य के हस्ताक्षर

# छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर

हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा, 20 हेतु आवेदन पत्र (ICR शीट)

स्वाध्यायी
PRIVATE

058

नोट : कृपया सभी प्रविष्टियाँ [illegible]

स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिये

**XII**

विकास खण्ड का नाम

स्कूल क्रमांक

COMPUTER CONTROL No.
(for Office use only)

संस्था / अग्रेषण संस्था का नाम
NAME OF SCHOOL

लिंग / SEX

विवाहित / अविवाहित

जाति CATEGORY

नामांकन क्रमांक

माध्यम MEDIUM

PREMATME TRIBES

शहरी / ग्रामीण

HANDICAPPED

संकाय GROUP

परीक्षार्थी का नाम / NAME OF CANDIDATE

पिता का नाम / NAME OF FATHER

माता का नाम / NAME OF MOTHER

परीक्षार्थी के विषय / (SUBJECTS OFFERED)

(098) ENVIRONMENTAL EDUCATION

अतिरिक्त विषय

APPLICATION FORM S No.

परीक्षार्थी के पूर्ण हस्ताक्षर

परीक्षार्थी का
नवीनतम
छायाचित्र
(फोटो)

केवल श्रेणी सुधार छात्र / छात्रा के लिए हेतु उपयोग पूर्व वर्ष की जानकारी अंकित करें।

| संस्था क्र. | केन्द्र क्र. | अनुक्रमांक | वर्ष | कुल प्राप्तांक | परीक्षा फल (श्रेणी) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**प्रमाणीकरण :-** प्रमाणित किया जाता हैं कि परीक्षार्थी के सम्बन्ध में ऊपर दी गई सभी जानकारी अभिलेखानुसार सही है तथा छात्र वर्ष 20 परीक्षा हेतु पात्र है, मैंने इसकी जांच कर ली है अधोहस्ताक्षरकर्ता इस तथ्य से अवगत है कि जानकारी गलत पाये जाने पर परीक्षा आवेदन पत्र एवं परीक्षा निरस्त किये जा सकेगें। परीक्षार्थी ने मेरे समक्ष हस्ताक्षर किये हैं।

वर्तमान पता -

परीक्षार्थी का नाम

ग्राम तहसील

जिला डाकघर पिन कोड

व्यक्तिगत फोन नम्बर मोबाईल

संस्था का नाम

प्राचार्य के हस्ताक्षर